# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 513 वर्ष 41

राँची, 28 फरवरी, 2017

## कोयला का रिकार्ड प्रेषण



कोयला उत्पादन, प्रेषण एवं कार्यनिष्पादन के अन्य बिन्दुओं में अपने स्वर्णिम सफर को जारी रखते हुए सीसीएल ने सीएमडी श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में जनवरी माह में (पिछले वर्ष के इसी अवधि की तुलना में) कोयला उत्पादन में 7.324 मिलियन टन कर 29.2 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि तथा 6.403 मिलियन टन का कोयला प्रेषण कर 30.6 प्रतिशत की रिकार्ड बढ़त दर्ज की। कोयला प्रेषण में ऐसी वृद्धि सीसीएल के इतिहास में पहली बार हुआ है।

सी.सी.एल. ने वित्तीय वर्ष 2015–16 में 61.32 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जो अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है। वित्तीय वर्ष 2016–17 में कोयला उत्पादन का लक्ष्य 67 मिलियन टन है। सी.सी.एल. ने लगातार पिछले दो वित्तीय वर्षों से कोयला उत्पादन में अपना लक्ष्य हासिल करते हुए दो अंको (डबल डिजिट) की वृद्वि दर्ज की है।

सीसीएल अपने 42705 कर्मियों एवं सभी स्टेकहोडर्स के सम्मिलित प्रयास से यह विकास दर वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्व है।

## मोमेंटम झारखंड में सीसीएल का भव्य स्टॉल




स्टॉल का निरीक्षण करते अध्यक्ष कोल इंडिया

होटवार खेलगॉव में विगत 16–17 फरवरी को हुए दो दिवसीय मोमेंटम झारखंड – ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में पहले दिन, सीसीएल द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण चेयरमैन कोल इंडिया श्री एस. भट्टाचार्य ने किया। उन्होंने सीसीएल द्वारा किये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यों से संबंधित सभी पैनलो का निरीक्षण कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। श्री भट्टाचार्य ने सीसीएल द्वारा समावेशी विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक (मार्केटिंग) कोल इंडिया, श्री एस.एन. प्रसाद, सीएमडी ईसीएल एवं डब्लूसीएल श्री आर.आर. मिश्रा सहित विभिन्न गणमान्यों ने सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, प्रर्यावरण, पेयजल आदि के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।



स्टॉल का निरीक्षण करते सीएमडी, सीसीएल

सीएमडी सीसीएल ने 16 एवं 17 फरवरी को स्टॉल का निरीक्षण किया। स्टॉल निरीक्षण करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कहा कि हम इस स्टॉल के माध्यम से सीसीएल द्वारा झारखंडवासियों के समावेशी विकास एवं कल्याण के लिए चलाये जा रहे वृहद स्तर पर समग्र विकास के लिए प्रतिबद्व हैं। निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा ने भी सीसीएल स्टॉल का निरीक्षण किया था।

स्टॉल में सीसीएल के कायाकल्प मॉडल के अंतर्गत कल्याणकारी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल, पर्यावरण सहित कायाकल्प मॉडल ऑफ गवर्नेंस के अंतर्गत कंपनी द्वारा किये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यों को दर्शाया गया था।

## सीएमडी "सीईओ विथ एचआर ओरिएंटशन" अवार्ड से सम्मानित



विगत 15 फरवरी को मुम्बई के होटल ताज में आयोजित वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस के 25वें रजत जयंती समारोह हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए "सीईओ विथ एचआर ओरिएंटशन" अवार्ड से सम्मानित किया गया।

"अपनी बात" की ओर से हार्दिक बधाई।

## "कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस–2017"




दीप प्रज्ज्वलित कर मेडिकल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते सीएमडी

सीसीएल एवं आईआईसीएम के संयुक्त तत्वाधान में विगत 20–22 फरवरी तक कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस–2017 का आयोजन आई.आई.सी.एम में किया गया। इस मेडिकल कॉन्फ्रेंस में कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के लगभग 180 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने किया।

कॉन्फ्रेंस के पहले दिन सीएमडी सीसीएल ने कहा कि इस सेमिनार में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के चिकित्सक और देश के प्रख्यात चिकित्सक भाग ले रहें हैं। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से अपने नियमित कार्य से आगे बढ़कर समाज के लिए योगदान करने की अपील की। उन्होंने आयोजकों से सेमिनार से मिली जानकारी तथा ज्ञान को सभी के बीच साझा करने को कहा।

अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) कोल इंडिया, श्री आर. मोहन दास ने कहा कि चिकित्सा सेवाएं कोल इंडिया के सीएसआर गतिविधियों का एक प्रमुख हिस्सा है। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी कोल इंडिया की चिकित्सा सेवा को और बेहतर करने के लिए प्रबंधन को सुझाव देते रहें।

कॉन्फ्रेंस में एम्स के प्रो. डॉ सी.एस. यादव ने " पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण"पर पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। देश के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव राठी, मैक्स होस्पीटल, नई दिल्ली ने हृदय सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

कॉन्फ्रेंस के अंत में विजन – 2030 पर एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। इस परिचर्चा के दौरान अनुषंगी कंपनियों से आये प्रतिभागी चिकित्सकों ने मौजूदा चिकित्सा सेवा में सुधार एवं चिकित्सकों को नवीनतम जानकारियों एवं आधुनिक तकनीक से अवगत कराने के विषय पर विचारों का आदान प्रदान किया गया ।

निदेशक (कार्मिक) सीसीएल श्री आर.एस. महापात्र ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और सभी चिकित्सको का धन्यवाद किया और कहा कि यह कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियो से आये सभी चिकित्सकों के लिए नया सीखने का स्वर्णिम अवसर है।



चिकित्सा अधिकारी को सम्मानित करते निदेशक(कार्मिक)

## एचआर बैठक का आयोजन

विगत 22 फरवरी 2017 को मुख्यालय के विचार मंच में निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र की अध्यक्षता में एचआर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के तकनीकी सत्र में वरीय प्रबंधक (कार्मिक) श्री पी.के. सिंह ने भारत सरकार की पहल पर सीसीएल, कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों में शीघ्र ही शुरू होने वाले ई–ऑफिस प्रोजेक्ट के बारे में उपस्थित सभी को पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

बैठक को नि.(का.) श्री आर.एस. महापात्र, पूर्व नि.(का.) सीआईएल श्री यू.के. चौबे, पूर्व नि.(का.) डब्ल्यू सी एल श्री जे.एन. सिंह तथा पूर्व नि.(का.) एम सी एल श्री जी.डी. गुलाब ने भी संबोधित किया और सीसीएल द्वारा मानव संसाधन के क्षेत्र में किये जा रहें कायाकल्प योजनओं के माध्यम से निगमित सामाजिक दायित्व की प्रशंसा की।

## एक दिवसीय "राजभाषा कार्यशाला"

विगत 25 फरवरी को मुख्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग में एक दिवसीय "राजभाषा कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद बैंक, रांची के राजभाषा अधिकारी श्री राजेश गोण्ड एवं सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में सरकारी काम–काज के लिए आवश्यक हिन्दी भाषा ज्ञान विषय तथा राजभाषा से संबंधित भारतीय संविधान के अनुरूप राजभाषा हिन्दी के नियम के बारे में जानकारी दी गई।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)